20/FI–F/CC/M–2023–43 **Student's Copy**

# Commerce

*Time* : 3 Hours ] [ *Full Marks* : 300

## Section—I

## खण्ड—I

**1.** *(a)* "Conventional Financial Statements fail to exhibit 'true and fair view' of business." Critically discuss this statement. 10

''पारम्परिक वित्तीय विवरण व्यवसाय के बारे में 'सही एवं उचित दृष्टिकोण' प्रदर्शित करने में विफल रहते हैं।'' इस कथन की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

*(b)* *M* Ltd. and *K* Ltd. had been carrying on business independently. They agreed to amalgamate and form a new company *DL* Ltd. with an authorized share capital of ₹2,00,000 divided into 40000 equity shares of ₹5 each.

On 31st March, 2023, the respective financial positions of *M* Ltd. and *K* Ltd. were as follows :

| | *M Ltd.* ₹ | *K Ltd.* ₹ |
|---|---|---|
| Fixed Assets | 3,17,500 | 1,82,500 |
| Current Assets | 1,63,500 | 83,875 |
| | 4,81,000 | 2,66,375 |
| *Less* : Current Liabilities | 2,98,500 | 90,125 |
| Representing Capital | 1,82,500 | 1,76,250 |

*Additional Information* :

*(i)* Revalued figures of fixed and current assets were as follows :

| | *M Ltd.* ₹ | *K Ltd.* ₹ |
|---|---|---|
| Fixed Assets | 3,55,000 | 1,95,000 |
| Current Assets | 1,49,750 | 78,875 |

*(ii)* The debtors and creditors include ₹ 21,675 owed by *M* Ltd. to *K* Ltd.

Purchase consideration is satisfied by issue of the following shares and debentures :

30000 equity shares of *DL* Ltd. to *M* Ltd. and *K* Ltd. in the proportion to the profitability of their business based on the average net profit during the last three years which were as follows :

| | *M Ltd.* ₹ | *K Ltd.* ₹ |
|---|---|---|
| 2020–21 profit | 2,24,788 | 1,36,950 |
| 2021–22 (Loss)/profit | (1,250) | 1,71,050 |
| 2022–23 profit | 1,88,962 | 1,79,500 |

You are required to compute the amount of shares to be issued to *M* Ltd. and *K* Ltd. and a Balance Sheet of *DL* Ltd. showing the position immediately after amalgamation. 10

*M* लिमिटेड एवं *K* लिमिटेड स्वतन्त्र रूप से अपना व्यवसाय चला रही थीं। उन्होंने समामेलित होने तथा नई कम्पनी *DL* लिमिटेड बनाने का निर्णय लिया। नई कम्पनी की ₹ 2,00,000 की अधिकृत पूँजी ₹ 5 वाले 40000 समता अंशों में विभक्त है।

31 मार्च, 2023 को *M* लि० तथा *K* लि० की वित्तीय स्थितियाँ इस प्रकार थीं :

| | *M लि०* ₹ | *K लि०* ₹ |
|---|---|---|
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 3,17,500 | 1,82,500 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 1,63,500 | 83,875 |
| | 4,81,000 | 2,66,375 |
| घटाइये : चालू दायित्व | 2,98,500 | 90,125 |
| पूँजी प्रतिनिधित्व | 1,82,500 | 1,76,250 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ* :

*(i)* स्थायी एवं चालू सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन मूल्य इस प्रकार हैं :

| | *M लि०* ₹ | *K लि०* ₹ |
|---|---|---|
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 3,55,000 | 1,95,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 1,49,750 | 78,875 |

*(ii)* देनदारों एवं लेनदारों में सम्मिलित ₹ 21,675 *M* लि० का *K* लि० पर बकाया था।

क्रय प्रतिफल का भुगतान निम्नलिखित अंशों एवं ऋणपत्रों के निर्गमन से किया जायेगा।

पिछले तीन वर्षों में हुए औसत शुद्ध लाभ के आधार पर उनके व्यापार की लाभप्रदता के अनुपात में *DL* लि० के 30000 समता अंश *M* लि० एवं *K* लि० को दिये जाएँगे। पिछले तीन वर्षों का लाभ इस प्रकार है :

| | *M* लि० ₹ | *K* लि० ₹ |
|---|---|---|
| 2020–21 लाभ | 2,24,788 | 1,36,950 |
| 2021–22 (हानि)/लाभ | (1,250) | 1,71,050 |
| 2022–23 लाभ | 1,88,962 | 1,79,500 |

आपको *M* लि० एवं *K* लि० को निर्गमित किये जाने वाले अंशों की राशि की गणना करनी है तथा समामेलन के तुरन्त बाद *DL* लि० का चिट्ठा तैयार करना है।

*(c)* *H* Ltd. purchased on 01.04.2020, 8000 equity shares of ₹ 100 each in *S* Ltd. when *S* Ltd. had ₹ 10,00,000 share capital.

It sold 500 such shares on 01.04.2021 and purchased 1000 shares on 01.04.2022.

*S* Ltd. paid 15% dividend each year in September and there was no change in Share Capital A/c up to 31.03.2023. Surplus A/c balances in *S* Ltd. and investment of *H* Ltd. in *S* Ltd. on different dates were as under :

| | *Surplus A/c Balance of S Ltd.* ₹ | *Investments of H Ltd. in S Ltd.* ₹ |
|---|---|---|
| 1st April, 2020 | 5,00,000 | 12,80,000 |
| 31st March, 2021 | 6,20,000 | 12,80,000 |
| 31st March, 2022 | 7,00,000 | 11,90,000 |
| 31st March, 2023 | 8,00,000 | 14,00,000 |

The amounts shown as investments represent cost price as reduced by sales and increased by further purchase without making any adjustment for profit or loss on sale or for dividend.

Prepare statements to show the relevant figures as on 31.03.2021, 31.03.2022 and 31.03.2023 for preparation of Consolidated Accounts in respect of *(i)* Goodwill or Cost of Control and *(ii)* Revenue Profit. 10

*H* लि० ने *S* लि० के ₹ 100 वाले 8000 समता अंश 1 अप्रैल, 2020 को क्रय किये जब *S* लि० की अंश पूँजी ₹ 10,00,000 थी।

उसने 01.04.2021 को 500 अंश बेचे तथा 01.04.2022 को 1000 अंश क्रय किये।

*S* लि० ने प्रति वर्ष सितंबर में 15% की दर से लाभांश भुगतान किया तथा 31.03.2023 तक अंश पूँजी में किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं था। विभिन्न तिथियों पर *S* लि० का आधिक्य खाता शेष तथा *S* लि० में *H* लि० का विनियोग इस प्रकार था :

| | *S लि० का आधिक्य खाता शेष* ₹ | *S लि० में H लि० का विनियोग* ₹ |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2020 | 5,00,000 | 12,80,000 |
| 31 मार्च, 2021 | 6,20,000 | 12,80,000 |
| 31 मार्च, 2022 | 7,00,000 | 11,90,000 |
| 31 मार्च, 2023 | 8,00,000 | 14,00,000 |

निवेश के रूप में दर्शायी गई राशियाँ लागत मूल्य को दर्शाती हैं, जो कि विक्रय के द्वारा कम हो जाती हैं तथा विक्रय पर लाभ या हानि या लाभांश के लिए कोई समायोजन किये बिना अतिरिक्त क्रय से बढ़ जाती हैं।

*(i)* ख्याति या नियन्त्रण की लागत और *(ii)* आयगत लाभ के सन्दर्भ में समेकित खातों के निर्माण के लिए आवश्यक संख्याएँ 31.03.2021, 31.03.2022 एवं 31.03.23 को दर्शाने के लिए विवरण तैयार कीजिए।

*(d)* Profit & Loss A/c of Sampat for the year ended 31st March, 2023 showed a net profit of ₹ 2,500 after taking into account the closing stock of ₹ 4,720.

On a scrutiny of the books, the following informations could be obtained :

*(i)* Purchase of the year includes ₹ 500 spent on acquisition of a ceiling fan for his shop

*(ii)* Sampat has taken goods valued at ₹ 1,800 for his personal use without making entry in the books

*(iii)* Invoices for goods amounting to ₹ 4,000 have been entered on 29th March, 2023 but such goods were included in stock

*(iv)* Sale of goods amounting to ₹ 700 sold and delivered in March 2023 had been entered in April 2023 sales

*(v)* ₹ 500 had been included in closing stock in respect of goods purchased and invoiced on 28th March, 2023 but included in purchases for April 2023

You are required to ascertain the correct amount of closing stock as on 31st March, 2023 and the adjusted net profit for the year ended on that date. 10

31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए सम्पत का लाभ-हानि खाता ₹ 4,720 के अन्तिम स्कन्ध को सम्मिलित करने के पश्चात् ₹ 2,500 का शुद्ध लाभ दर्शा रहा है।

खातों की छानबीन करने पर निम्नलिखित सूचनाएँ प्राप्त की जा सकीं :

*(i)* वर्ष के क्रय में अपनी दुकान के लिए छत पंखे को प्राप्त करने में व्यय किये गये ₹ 500 शामिल हैं

*(ii)* सम्पत ने व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹ 1,800 का माल लिया जिसका पुस्तकों में कोई समायोजन नहीं किया गया

(iii) 29 मार्च, 2023 को ₹ 4,000 का माल का चालान दर्ज किया गया परन्तु यह माल स्कन्ध में सम्मिलित था

(iv) मार्च 2023 में विक्रय किये गये एवं वितरित किये गये ₹ 700 के माल को अप्रैल 2023 के विक्रय में दर्ज किया गया

(v) 28 मार्च, 2023 को क्रय किये गये एवं वितरित किये गये माल के सम्बन्ध में ₹ 500 को अन्तिम स्कन्ध में सम्मिलित किया गया था परन्तु इसे अप्रैल 2023 के क्रय में सम्मिलित किया गया था

आप 31 मार्च, 2023 को अन्तिम स्कन्ध की सही राशि का निर्धारण कीजिए तथा उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए समायोजित लाभ-हानि का निर्धारण कीजिए।

(e) (i) A owns a mall which has 20 shops. For the previous year, 2022–23, he charged a total rent of ₹ 50 lakh for all the shops. Rent includes ₹ 5,00,000 charges for various amenities such as lift maintenance, water supply, fire insurance premium, supervisor and security guards salary, etc. The actual expenditure on these services was ₹ 4,70,000 during the previous year, 2022–23.

Compute gross total income of *A* for the Assessment Year, 2023–24. 5

*A* का एक मॉल है, जिसमें 20 दुकानें हैं। उसे गत वर्ष 2022–23 में सभी दुकानों का ₹ 50 लाख किराया मिला। किराये में ₹ 5,00,000 का विभिन्न सुविधाओं का मूल्य शामिल है यथा लिफ्ट का रख-रखाव, पानी की पूर्ति, अग्नि बीमा प्रीमियम, सुपरवाइज़र एवं सुरक्षा कर्मियों का वेतन। इन सुविधाओं पर उसने गत वर्ष 2022–23 में ₹ 4,70,000 व्यय किये थे।

कर-निर्धारण वर्ष 2023–24 के लिए *A* की सकल कुल आय की गणना कीजिए।

(ii) A company has at present outstanding 10000 shares selling at ₹ 100. The company is thinking of declaring a dividend of ₹ 5 per share at the end of current year. The capitalization rate for this type of company is 10%. What will be the price of the share at the end of the year, if—

(1) no dividend is declared;

(2) a dividend is declared? 5

एक कम्पनी पर वर्तमान में ₹ 100 पर विक्रय होने वाले 10000 अंश बकाया हैं। कम्पनी चालू वर्ष के अन्त में ₹ 5 प्रति अंश के हिसाब से लाभांश घोषित करने के बारे में सोच रही है। इस प्रकार की कम्पनी के लिए पूँजीकरण की दर 10% है। वर्ष के अन्त में अंश की कीमत क्या होगी, यदि

(1) कोई लाभांश घोषित नहीं किया गया हो;

(2) लाभांश घोषित किया गया हो?

**2.** *(a)* *DL* Ltd. wants to acquire a unit of *MK* Ltd. *DL* Ltd. is uncertain about the future viability of the unit under consideration. You are appointed to investigate economic and financial position of the unit. What are the factors that you shall consider while studying the economic and financial position of the business? 20

*DL* लि०, *MK* लि० की एक इकाई का अधिग्रहण करना चाहती है। *DL* लि० विचाराधीन इकाई की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में चिंतित/अनिश्चित है। आपको इकाई की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति का अनुसंधान करने के लिए नियुक्त किया जाता है। व्यवसाय की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन करते समय आप किन-किन तत्त्वों पर विचार करेंगे?

*(b)* In an engineering company, the factory overheads are recovered on a fixed percentage basis on direct wages and the administrative overheads are absorbed on a fixed percentage basis on factory cost.

The company has furnished the following data relating to two jobs undertaken by it in a period :

| *Particulars* | *Job 101* | *Job 102* |
|---|---|---|
| Direct Materials (in ₹) | 54,000 | 37,500 |
| Direct Wages (in ₹) | 42,000 | 30,000 |
| Selling Price (in ₹) | 1,66,650 | 1,28,250 |
| Profit percentage on total cost | 10% | 20% |

You are required to—

*(i)* computation of percentage recovery rates of factory overheads and administrative overheads;

*(ii)* calculation of amount of factory overheads, administrative overheads and profit for each of the two jobs;

*(iii)* using the above recovery rates, fix the selling price of Job 103.

The additional data being :

Direct Materials—₹ 24,000
Direct Wages—₹ 20,000
Profit percentage on selling price—12½% 30

एक अभियान्त्रिक कम्पनी में, कारखाना उपरिव्ययों को प्रत्यक्ष श्रम पर नियत (fixed) प्रतिशत के आधार पर वसूल किया जाता है तथा प्रशासनिक उपरिव्ययों को कारखाना लागत के नियत प्रतिशत के आधार पर अवशोषित किया जाता है।

कम्पनी एक अवधि में अपने द्वारा लिये गये दो उपकार्यों से सम्बन्धित निम्नलिखित सूचनाएँ प्रस्तुत करती है :

| *विवरण* | *उपकार्य 101* | *उपकार्य 102* |
|---|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री (₹ में) | 54,000 | 37,500 |
| प्रत्यक्ष श्रम (₹ में) | 42,000 | 30,000 |
| विक्रय मूल्य (₹ में) | 1,66,650 | 1,28,250 |
| सकल लागत पर लाभ प्रतिशत | 10% | 20% |

आपको करना (करनी) है—

*(i)* कारखाना उपरिव्ययों एवं प्रशासनिक उपरिव्ययों की प्रतिशत वसूली दरों की गणना;

*(ii)* दोनों उपकार्यों में से प्रत्येक के लिए कारखाना उपरिव्ययों, प्रशासनिक उपरिव्ययों एवं लाभ की मात्रा की गणना;

*(iii)* उपर्युक्त वसूली दरों का उपयोग करते हुए उपकार्य 103 के लिए विक्रय मूल्य का निर्धारण।

अतिरिक्त सूचनाएँ इस प्रकार हैं :

प्रत्यक्ष सामग्री—₹ 24,000

प्रत्यक्ष श्रम—₹ 20,000

विक्रय मूल्य पर लाभ प्रतिशत—12½%

***OR / अथवा***

*(a)* In computing income from business, what are the provisions relating to the following expenses? 10×3=30

*(i)* Expenses on scientific research

*(ii)* Deduction in respect of preliminary expenses

*(iii)* Bad debts

व्यापार की आय की गणना करने में निम्न व्ययों के सम्बन्ध में क्या प्रावधान हैं?

*(i)* वैज्ञानिक अनुसन्धान पर व्यय

*(ii)* प्रारम्भिक व्यय के सम्बन्ध में कटौती

*(iii)* डूबत ऋण

*(b)* What are the provisions of the Income-tax Act regarding the admissibility of the interest on loan is taken for the construction of the house, for the period prior to the completion of construction of the house? Explain with examples. 20

मकान बनाने के लिए लिये गए ऋण पर ब्याज की स्वीकृति के सम्बन्ध में उस अवधि के लिए आयकर अधिनियम के क्या प्रावधान हैं, जो मकान बनकर तैयार होने के पूर्व की अवधि के हैं, उदाहरण सहित समझाइए।

**3.** *(a)* Write about the concept note of CARO-2020. 30

CARO-2020 के बारे में आधारभूत टिप्पणी लिखिए।

*(b)* How does a Central Bank work as a 'friend, philosopher and guide' to the commercial banks? 20

केन्द्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों के लिए 'मित्र, दार्शनिक एवं मार्गदर्शक' के रूप में कैसे कार्य करता है?

***OR*** / *अथवा*

*(a)* *(i)* Elucidate the recent changes in the Negotiable Instruments (Amendment) Act, 2018. Highlight the background and purpose behind these changes. 15

पराक्रम लिखत (संशोधन) अधिनियम, 2018 में हाल के परिवर्तनों को स्पष्ट कीजिए। इन परिवर्तनों के पीछे की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

*(ii)* Write a short note on the Banking Regulation Act, 1949. 15

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

*(b)* *XYZ* Ltd. is selling three brands of its product in the brand names *X*, *Y* and *Z*. The details regarding unit costs and selling prices are as under :

| *Particulars* | *X*<br>₹ | *Y*<br>₹ | *Z*<br>₹ |
|---|---|---|---|
| Direct Materials | 6 | 12 | 16 |
| Direct Labour | 8 | 8 | 20 |
| Variable Overheads | 6 | 20 | 14 |
| Selling Price | 36 | 50 | 96 |

The monthly fixed expenditure is ₹ 5,40,000. Sales volumes for the months of July and August of 2023 are as follows :

| *Month* | *X*<br>₹ | *Y*<br>₹ | *Z*<br>₹ |
|---|---|---|---|
| July | 20,000 | 20,000 | 20,000 |
| August | 40,000 | 26,000 | 10,000 |

Find out the monthly profits and if your computation brings out that higher profit was earned in the month having lower sales volume, justify the findings with reasons. 20

*XYZ* लिमिटेड अपने उत्पाद के तीन ब्राण्ड *X*, *Y* एवं *Z* ब्राण्ड के नाम से बेच रही है। इकाई लागत एवं विक्रय मूल्य के सम्बन्धित विवरण इस प्रकार हैं :

| *विवरण* | *X* ₹ | *Y* ₹ | *Z* ₹ |
|---|---|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | 6 | 12 | 16 |
| प्रत्यक्ष श्रम | 8 | 8 | 20 |
| परिवर्तनीय उपरिव्यय | 6 | 20 | 14 |
| विक्रय मूल्य | 36 | 50 | 96 |

मासिक स्थिर उपरिव्यय ₹ 5,40,000 है। जुलाई एवं अगस्त 2023 के लिए विक्रय की मात्राएँ इस प्रकार हैं :

| *माह* | *X* ₹ | *Y* ₹ | *Z* ₹ |
|---|---|---|---|
| जुलाई | 20,000 | 20,000 | 20,000 |
| अगस्त | 40,000 | 26,000 | 10,000 |

मासिक लाभ ज्ञात कीजिए तथा यदि आपकी गणना से पता चलता है कि कम विक्रय मात्रा वाले महीने में अधिक लाभ अर्जित किया था, तो कारणों सहित निष्कर्षों को उचित ठहराइये। 20

## Section—II

## खण्ड—II

**4.** *(a)* Who are the outside stakeholders? Name some of the outside stakeholder groups, identify their contribution to the organization and their inducement to contribute. 10

बाह्य हितधारक कौन हैं? कुछ बाह्य हितधारक समूहों के नाम बताइए, संगठन में उनके योगदान की और योगदान करने के लिए उनकी प्रेरणा की पहचान कीजिए।

*(b)* Discuss the Porter's and Lawler's motivation theory. 10

पोर्टर एवं लॉलर के अभिप्रेरणा सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।

*(c)* At the National Restaurant, the General Manager has noticed major conflicts between the cooks and the waitstaff. Both departments seem to be making more mistakes, and each side is blaming the other.

In your opinion, what is the reason behind this problem and what should be done to solve such problem? 10

नेशनल रेस्तराँ में, महाप्रबन्धक ने रसोइयों एवं प्रतीक्षारत कर्मचारियों के मध्य बड़े झगड़े देखे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों विभाग अधिक गलतियाँ कर रहे हैं, और प्रत्येक पक्ष दूसरे पर दोषारोपण कर रहा है।

आपकी राय में इस समस्या के पीछे क्या कारण है तथा ऐसी समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाना चाहिए?

(d) What are the limitations of workers' participation in management? What are your suggestions to make it successful in India? 10

प्रबन्ध में कामगार-सहभागिता की क्या सीमाएँ हैं? भारत में इसे सफल बनाने के लिए आपके क्या सुझाव हैं?

(e) Write notes on the following : 10

(i) Arbitration

(ii) Ends-means chain theory

(iii) Organizational change

निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) मध्यस्थता

(ii) एण्ड्स-मीन्स चेन थ्यौरी

(iii) संगठनात्मक परिवर्तन

**5.** (a) Suppose you wanted to eliminate bureaucracy to avoid its demerits. How could this be done? What would be the consequences? 25

मान लीजिए कि आप नौकरशाही को उसके अवगुणों से बचने के लिए खत्म करना चाहते हैं। यह कैसे किया जा सकता है? इसके क्या परिणाम होंगे?

(b) What do you mean by industrial dispute? Briefly explain the various causes of industrial dispute. 25

औद्योगिक विवाद से आप क्या समझते हैं? औद्योगिक विवाद के विभिन्न कारणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

***OR* / *अथवा***

(a) Explain the workers' participation in management. 20

प्रबन्ध में कामगारों की सहभागिता समझाइए।

(b) Write notes on the following : 10×3=30

(i) Wage policy in India

(ii) Labour Turnover in Indian Industries

(iii) Personnel Audit

निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) भारत में मजदूरी नीति

(ii) भारतीय उद्योगों में श्रम आवर्त

(iii) कार्मिक अंकेक्षण

6. *(a)* Despite the complementary and supplementary relationship of line and staff, why is there a conflict between them? Give sound suggestions to minimize this conflict. 25

रेखा एवं सहायक (line and staff) में पूरक एवं अनुपूरक सम्बन्ध होने के बावजूद उनमें संघर्ष क्यों होता है? इस संघर्ष को न्यूनतम करने हेतु ठोस सुझाव दीजिए।

*(b)* "Rapid Industrialization in India is heavily dependent on harmonious industrial relations." Explain the impact of globalization on industrial relations. 25

''भारत में तीव्र औद्योगिकीकरण, सद्भाव वाले औद्योगिक सम्बन्धों पर अधिक निर्भर है।'' औद्योगिक सम्बन्धों पर भूमण्डलीकरण के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

***OR / अथवा***

*(a)* What is the contribution of neo-classical theory of organization? Do you think that the neo-classical theory is an improved version of the classical theory? Discuss with examples. 10+15=25

संगठन के नव-शास्त्रीय सिद्धान्त का क्या योगदान है? क्या आप सोचते हैं कि नव-शास्त्रीय सिद्धान्त शास्त्रीय सिद्धान्त का उन्नत संस्करण है? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

*(b)* State the criteria for the recognition of Trade Unions in India. Also point out the rights of a recognized Trade Union. 15+10=25

भारत में श्रम संघों को मान्यता हेतु प्रमापों को स्पष्ट कीजिए। एक मान्यताप्राप्त श्रम संघ के अधिकारों को भी निरूपित कीजिए।

★★★